स्थापना : 1951

☎ 01580 220024
Fax 01580 223548

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

(प्रदेश का चयनित आदर्श महाविद्यालय)

क्रमांक : बाकाडी/एनडीबीडी/2016–17/ दिनांक : 23.12.2016

## : प्रतियोगिता प्रतिवेदन :

## अखिल राजस्थान सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2016–17

नारायणदास बाँगड़ चेरिटेबल ट्रस्ट, कोलकाता के आर्थिक सौजन्य से राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना की प्रतिष्ठित साहित्यिक गतिविधि "सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अखिल राजस्थान अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2016–17" का सफल आयोजन दिनांक 20 दिसम्बर, 2016 को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 21 महाविद्यालयों के 36 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने तार्किक विचार रखे। प्रतियोगिता का विस्तृत प्रतिवेदन निम्नानुसार है–

1. आयोजन स्थल – महाविद्यालय प्राँगण
2. आयोजन तिथि – 20 दिसम्बर, 2016 पूर्वाह्न 10:15 बजे से
3. प्रतियोगिता का विषय : इस सदन की सम्मति में – "वर्तमान विमुद्रीकरण राष्ट्रहित में एक साहसिक एवं ऐतिहासिक कदम है"
4. मंच को सुशोभित करने वाले महानुभाव
   - मुख्य अतिथि : प्रो. कैलाश सोढ़ाणी, माननीय कुलपति
     महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
   - कार्यक्रम अध्यक्ष : श्रीमान भूराराम चौधरी, पूर्व आरएएस अधिकारी
     हाल– जोधपुर (बाँगड़ महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी)
   - विशिष्ट अतिथि : श्रीमान भरतराम कुम्हार, पूर्व अध्यक्ष
     माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर
   - स्वागताध्यक्षा : श्रीमान श्रीगोपाल बगड़िया, प्रतिनिधि
     नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता
   - प्रतियोगिता संरक्षक : डॉ. प्रेमचंद, प्राचार्य– राजकीय बाँगड़ महा. डीडवाना
   - प्रति. सह– संरक्षक : डॉ. चंद्रप्रकाश गौड़, उपाचार्य– राज. बाँगड़ महा. डीडवाना
   - छात्रसंघ अध्यक्ष : श्री महेन्द्र जेवरिया छात्रसंघ 2016–17
5. प्रतियोगिता निर्णायक मंडल
   - श्रीमान आशुतोष वाजपेयी, संयुक्त शासन सचिव
     वित्त विभाग राजस्थन सरकार, जयपुर।
   - डॉ. सूरज राव, सहायक कुलसचिव
     महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर।
   - श्रीमान एस.पी. मित्तल , पत्रकार
     ब्यूरो चीफ–पंजाब केसरी समूह, अजमेर।

Scanned with CamScanner

6. प्रतियोगिता आयोजन एवं समन्वय समिति

- संयोजक : डॉ. एन.आर. ढाका
  अध्यक्ष – लोकप्रशासन विभाग
- प्रतियोगिता–प्रभारी : डॉ. गजादान चारण
  अध्यक्ष – स्नातकोत्तर हिंदी विभाग
- सदस्य : श्री हबीब खान
  व्याख्याता – हिंदी विभाग
- सदस्य : श्री अनिल कुमार
  व्याख्याता – भौतिक विज्ञान
- सदस्य : श्री पी.के.मीणा
  व्याख्याता – रसायन विज्ञान विभाग
- सदस्य : डॉ. अतुल गर्ग
  व्याख्याता – गणित विभाग
- सदस्य : श्री श्रीगोपाल बगड़िया, प्रतिनिधि
  नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता

7. प्रतियोगिता सूचना पत्र प्रेषण :

राजस्थान राज्य में स्थित 250 से अधिक राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालयों को प्रतियोगिता सूचनापत्र प्रेषित किए गये। *"प्रतियोगिता फोल्डर" की नमूनार्थ प्रति संलग्न है।*

8. सहभागी महाविद्यालय :

प्रतियोगिता में कुल 21 महाविद्यालयों से 36 प्रतियोगियों ने प्रतिनिधित्व किया।

1. राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
   - कु. सोनू सोलंकी
   - कु. मिताली वर्मा
2. राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर
   - रामनिवास
3. कुचामन महाविद्यालय, कुचामनसिटी
   - श्यामलाल विश्नोई
4. डीडवाना महिला महाविद्यालय, डीडवाना
   - वंदना जांगिड़
   - गजाला टाक
5. आस्था महाविद्यालय, कुचामन सिटी
   - चेतराम चौधरी
   - अंकुलसिंह राठौड़
6. आईआईएलएम एकेडमी ऑफ हायर लर्निंग, जयपुर
   - हरीश जांगिड़
7. राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय, बांदीकुई
   - लोकेन्द्र सिंह राजपूत
8. मा.ला.वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा
   - मणिराजसिंह राठौड़
   - कमल सारस्वत
9. बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर
   - लक्ष्मण विश्नोई
   - स्वराजलक्ष्मी फिड़ोदा

Scanned with CamScanner

10. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर
   - श्यामलाल
   - दिनेश पूनिया
11. सेठ आर.एल. राहरिया राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा
   - उपरान्त काकड़ोदिया
   - तेजपाल वर्मा
12. श्री माधव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, जसवंतगढ़
   - संजयपाल सिंह
13. सवाई टीटी कॉलेज, डीडवाना
   - गार्गी सारस्वत
14. राजकीय महाविद्यालय, जायल
   - विद्या बटेसर
   - कविता शर्मा
15. दयानन्द महाविद्यालय, अजमेर
   - वीरपाल सिंह फोगाट
   - महेशपाल सिंह
16. आदर्श महाविद्यालय, कुचामनसिटी
   - सुनिता अमरावत
   - राहुल कुमावत
17. जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं
   - राजलक्ष्मी
   - निशा राठौड़
18. स.पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर
   - आलिशा चौधरी
   - महीपाल रोज
19. राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, कोटा
   - सक्रिय सेठिया
   - मनोहर लाल
20. एमबीएम कॉलेज, जयनारायण व्यास विवि, जोधुपर
   - गौरल राज
   - अभिषेक गोयल
21. राजकीय महाविद्यालय, बूंदी
   - सुरेन्द्र गौतम
   - रोहित राठौड़

9. प्रतियोगिता का परिणाम :

चलविजयोपहार विजेता : राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
वक्ता प्रतिभागी : सुश्री मिताली वर्मा एवं सुश्री सोनू सोलंकी

चलविजयोपहार उपविजेता : एमबीएम इंजिनियरिंग कॉलेज, जेएनवी विवि, जोधपुर।
वक्ता प्रतिभागी : सुश्री गोरल राज एवं अभिषेक

Scanned with CamScanner

10. वैयक्तिक पुरस्कार नकद

7500 रू. प्रथम स्थान : सुश्री गोरल राज
एमबीएम इंजिनियरिंग कॉलेज, जेएनवी विवि, जोधपुर।

5100 रू. द्वितीय स्थान : सुश्री गार्गी सारस्वत
सवाई टीटी कॉलेज, डीडवाना

3100 रू. तृतीय स्थान : सुश्री मिताली वर्मा एवं सुश्री सोनू सोलंकी (संयुक्त)
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

2100 रू. विशेष छात्र प्रोत्साहन : लक्ष्मण विश्नोई
बीआरएम राजकीय महाविद्यालय, नागौर

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : वंदना जांगिड़
डीडवाना महिला महाविद्यालय, डीडवाना

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : लोकेन्द्र सिंह राजपूत
राजकीय महाविद्यालय, बांदीकुई

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : दिनेश पूनिया
भीमराव अंबेडकर राज. महा., श्रीगंगानगर

11. सहभागियों को प्लास्टिक फोल्डर, प्रमाणपत्र एवं प्रतीक चिह्न :

सम्पन्न प्रतियोगिता के नाम एवं सेठ नारायणदासजी बाँगड़ की फोटो सहित प्लास्टिक फोल्डर, स्लिपपेड एवं सहभागिता प्रमाणपत्र मुद्रित करवाए गए। (नमूनार्थ एक–एक प्रति संलग्न है) प्रतियोगिता में पधारे समस्त अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, दल प्रभारियों, नगर के गणमान्य सक्रिय साहित्यप्रेमियों, महाविद्यालयी संकाय सदस्यों, सह–शैक्षणिक कर्मियों तथा मीडियाकर्मियों सहित चुनिंदा स्वयंसेवकों को प्रतियोगिता स्लिप पेड, प्लास्टिक फोल्डर, मोनटेक्स बॉलपेन भेंट किया गया तथा प्रतियोगिता उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किये गए।

12. मंचासीन अतिथिगण का सम्मान

समारोह में मंचासीन अतिथियों एवं निर्णायकों का माल्यार्पण, साफा, प्रतीकचिह्न, मानेदय भेंट कर स्वागत्–अभिनन्दन एवं सम्मान किया गया। सभी अतिथियों को प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद आभारपत्र सहित यादगार स्वरूप कतिपय फोटोस्नेप्स भी भेजे गए हैं।

13. समारोह दृश्यावलोकन

समारोह अत्यन्त शालीनता एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की विडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी कराई गई। दृश्यावलोकनार्थ चुनिंदा फोटो स्नेप्स ( ) तथा कार्यक्रम की विडियोग्राफी डी.वी.डी. ( ) संलग्न है।

14. जनसूचनार्थ प्रेस विज्ञप्ति

सम्पन्न प्रतियोगिता के आयोजन की पूर्व जानकारी एवं आयोजन उपरान्त जनसूचनार्थ प्रेस नोट के माध्यम से राज्य एवं स्थानीय समाचार पत्रों में विषयवस्तु समाचार प्रकाशित हुये। अखबारों की कतरनों की फोटो प्रतियां संलग्न है।

16. अतिथिगण एवं प्रतिभागियों की आवास–प्रवास एवं भोजन व्यवस्था–

आमन्त्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिये आवास–प्रवास एवं भोजन की व्यवस्था हेतु स्थानीय खांडल विप्र भवन में व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता दिवस पर अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ सहित नगर के गणमान्य नागरिकों के लिए जलपान एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था महाविद्यालय प्रांगण में की गई।

Scanned with CamScanner

17. अतिथिगण का प्रतियोगिता कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में अभिमत–

सम्पन्न प्रतियोगिता के संदर्भ में की गयी व्यवस्थाओं, संचालन, प्रस्तावित विषय एवं समारोह को मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, निर्णायकगण, दल प्रभारियों, प्रतिभागियों, मीडियाकर्मियों तथा नगर के साहित्यप्रेमी नागरिकों सहित अन्य उपस्थित महानुभावों द्वारा सराहने के साथ उल्लेखनीय बताया गया। नगर के प्रबुद्धजनों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। बीकानेर, नागौर एवं लाडनूं आदि बाहरी नगरों से पधारे हुए कुछ साहित्यकारों ने भी प्रतियोगिता में पूरे समय उपस्थिति दी तथा इसे एक उत्कृष्ट साहित्यिक आयोजन बताया।

समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पुण्यात्मा सेठ नारायणदासजी बाँगड़ के पुण्य स्मरण के साथ तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्वागताध्यक्ष श्रीमान श्रीगोपाल बगड़िया ने बाबू वेणुगोपालजी बाँगड़ का भावभरा संदेश पढ़कर सुनाया तो पांडाल से तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सबने बाबू के प्रति कृतज्ञता जाहिर की।

प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. प्रेमचंद ने प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि बाँगड़ परिवार के उदारमना सहयोग से बने इस महाविद्यालय ने देश समाज को अनेक हीरे तराश कर दिए है तथा वह प्रक्रिया अब भी जारी है। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. एन.आर.ढाका ने उदारमना दानवीरों को नमन करते हुए प्रतियोगिता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला तथा बताया कि इस प्रतियोगिता ने अनेक प्रखर वक्ताओं को तैयार किया है, जो समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता नियमों की घोषणा, कार्यक्रम संचालन एवं मंचासीन अतिथियों के परिचय का दायित्व प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. गजादान चारण द्वारा निर्वाहित किया गया। सभी प्रतिभागियों तथा अतिथियों की विचाराभिव्यक्तियों के साथ प्रतियोगिता अपने अपेक्षित स्वरूप में संपन्न हुई। उपाचार्य डॉ. चंद्रप्रकाश गौड़ एवं छात्रसंघ अध्यक्ष श्री महेन्द्र जेवरिया द्वारा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

संलग्नक –

1. निमंत्रण पत्र की प्रति
2. सूचना पत्रक स्वरूप "फोल्डर" की प्रति
3. फोटो स्नेप्स (      )
4. कार्यक्रम की विडियोग्राफी वी.सी.डी. (      )
5. समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों की फोटो प्रतियां
6. प्लास्टिक फोल्डर की नमूना प्रति
7. स्लिपपेड की नमूना प्रति
8. प्रमाणपत्र की नमूना प्रति

(डॉ. गजादान चारण)
प्रतियोगिता प्रभारी

(डॉ. एन.आर. ढाका)
प्रतियोगिता संयोजक

(डॉ. प्रेमचंद)
प्राचार्य एवं संरक्षक

Scanned with CamScanner